# अवैध कब्जों पर लगे निशान



**नवभारत न्यूज**
**पोहरी, 10 जनवरी।** पोहरी में चल रहा रोड़ निर्माण को लेकर ठेकेदार द्वारा डीपीआर की जगह अपनी मनमर्जी से रोड़ डालने की लिखित शिकायत शिकायत कर्ता काजी इलयास अहमद ने की जिसको एसडीएम अनुपम शर्मा ने शिकायत की शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम ने तहसीलदार सहित पटवारियों का दल गठित कर सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण चिन्हित कर अतिक्रमण हटाने को दल गठित किया है। जिसमें तहसीलदार लज्जाराम राजोरिया सहित, नायाब तहसीलदार सुनील यादव सहित 21 आरआई पटवारियों का दल में शामिल किए। शनिवार सुबह तहसीलदार सहित पटवारी मोके पर पहुंच सड़क के दोनों ओर अतिक्रमण को चिन्हित कर निशान लगाए गए साथ ही एमपीआरडीसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निशान लगाकर शासकीय जगह चिन्हित कर निशान लगाए गए। ताकि सड़क डीपीआर के अनुसार बने जिससे भविष्य में आवागमन में कोई परेशानी न हो साथ ही नगर की सुंदरता में सुधार आ जा सके। अब देखना होगा कि तहसीलदार की कार्यवाही सिर्फ निशान तक सीमित रहती है या अतिक्रमण को साफ कर नगर को सुंदर बनाने तक यह मुहिम चालू रहती है।

# रेडिएंट ग्रुप के 25 वर्ष पूरे, रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** शिवपुरी जिले में शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके रेडिएंट ग्रुप ने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। रजत जयंती वर्ष को यादगार बनाने के उद्देश्य से संस्थान द्वारा 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक भव्य स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

पिछले ढाई दशकों में रेडिएंट ग्रुप ने न केवल हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारा है, बल्कि शिवपुरी के शैक्षणिक परिदृश्य को भी नई दिशा दी है। संस्थान के अनेक पूर्व छात्र आज देश-विदेश में प्रतिष्ठित पदों पर सेवाएं दे रहे हैं। रजत जयंती के अवसर पर संस्थान अपने पूर्व छात्रों को पुन: कैंपस से जोड़ते हुए समाज सेवा के इस महाअभियान में सहभागी बना रहा है। रेडिएंट ग्रुप की ओर से प्रत्येक रक्तदाता को 'रजत जयंती विशेष सम्मान पत्र' एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। शिविर स्थल पर अल्पाहार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध रहेंगी। दून पब्लिक स्कूल एवं रेडिएंट ग्रुप की संचालिका डॉ. खुशी खान ने समस्त स्टाफ एवं छात्रों के साथ इस शिविर में भागीदारी सुनिश्चित करे।

### युवा दिवस पर रक्तदान, सबसे बड़ा उपहार

रेडिएंट ग्रुप शिवपुरी के संचालक शाहिद खान ने बताया कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि चरित्र निर्माण और समाज के प्रति संवेदनशीलता भी है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत हैं, इसलिए उनके जन्मदिवस पर रक्तदान से बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। शिविर में एकत्रित रक्त जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक को सौंपा जाएगा, जिससे थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं आपातकालीन जरूरतमंद मरीजों को लाभ मिल सके।
**पूर्व छात्रों व अभिभावकों की सहभागिता:** इस शिविर की खास बात यह है कि इसमें वर्तमान विद्यार्थियों के साथ-साथ एलुमनाई नेटवर्क के पूर्व छात्र भी सक्रिय भागीदारी करेंगे। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए सहयोग का आश्वासन दिया है। रेडिएंट ग्रुप ने जिले के सामाजिक संगठनों, युवाओं और प्रबुद्ध नागरिकों से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# गुर्जर समाज का सम्मान समारोह 25 को



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान देवनारायण जयंती के शुभ अवसर पर श्री श्री 1008 महाराज श्री शीतलदास जी के सानिध्य में 25 जनवरी (रविवार) को संभाग स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम देवनारायण धाम, सिरसा घाटीगांव, ए.बी. रोड पर संपन्न होगा। समारोह में गुर्जर समाज की उन छात्राओं व छात्रों का सम्मान किया जाएगा, जिन्होंने वर्ष 2025 एवं 2026 में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। साथ ही प्रतिभावान विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं तथा खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजसेवी महानुभावों का भी सम्मान किया जाएगा। आयोजन समिति के अनुसार, शिवपुरी जिले के पात्र छात्र-छात्राएं अपनी अंकसूची की छायाप्रति एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज गुर्जर समाज विकास समिति के सदस्यों के पास जमा कर सकते हैं। इस अवसर पर चल समारोह, रासलीला, भागवत कथा, जाप तथा विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। गुर्जर समाज विकास समिति के सदस्यों ने समाज के सभी लोगों एवं छात्र-छात्राओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सम्मान समारोह को सफल बनाने की अपील की है।




# आरोग्य भारती की प्रेरणा से लगाया रक्तदान शिविर

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** मेडिकल कॉलेज में आ रही रक्त की कमी को ध्यान में रखते हुए आरोग्य भारती की प्रेरणा तथा मार्गदर्शन से गोदरेज कंपनी के द्वारा शहर के शगुन वाटिका में विशाल रक्तदान शिविर लगाया गया। सर्वप्रथम भारत मां के चित्र पर मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ.धर्मदास परमहंस,आरोग्य भारती के जिला सचिव एवं मेडिकल कॉलेज अधीक्षक डॉ आशुतोष चौरषि, विभाग समन्वयक आलोक एम इंदौरिया, आरोग्य भारती के जिला समन्वयक डॉ पीके, मीरा राठौर, वरिष्ठ समाजसेवी राजेन्द्र राठौर ने माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर कार्यक्रम शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ परमहंस ने अपने उद्बोधन में कहा कि रक्तदान एक ऐसा दान है जों मानव को नया जीवन देने का कार्य करता है इसलिए इस पुनित कार्यों में सभी को भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए और हम आरोग्य भारती व गोदरेज कम्पनी को बधाई और साधुवाद देते हैं उन्होंने विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया।

आरोग्य भारती के विभाग समन्वयक आलोक एम इंदौरिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस रक्तदान शिविर में उन सभी रक्तदाताओं ने अपने जीवन शैली के हिस्सा में आज पुण्य कार्य कर न केवल मानवीयता का परिचय दिया बल्कि उन जरूरतमंदों को नया जीवन देने में एक स्वल्प योगदान दिया। श्री इंदौरिया ने कहा कि आरोग्य भारती से प्रेरित होकर गोदरेज कंपनी ने इस अनुकरणीय कार्य कर सार्वजनिक जीवन में एक अनूठा उदाहरण पेश किया है।

आरोग्य भारती की पहल पर गोदरेज कंपनी द्वारा लगाए गए इस शिविर में लगभग 16 यूनीट रक्तदान हुआ यह रक्तदान गोदरेज कंपनी के कर्मचारियों ने किया। रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन और उन्हें प्रत्योसाहन के प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर विभाग संयोजक राहुल गंगवाल,राजेन्द्र राठौर, संतोष शिवहरे, हरवीर सिंह चौहान,आशीष राठौर, पियूष राठौर, गोदरेज कंपनी से शाश्वत जी,नीरज कुमार छोटू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# सुनील वर्मा बने अपाक्स के जिला अध्यक्ष, सभी ने दी बधाई



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** मध्य प्रदेश शासन से मान्यता प्राप्त संगठन अपाक्स का शिवपुरी जिला अध्यक्ष सुनील वर्मा को बनाया गया है। उनकी यह नियुक्ति मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण पाल सिंह यादव द्वारा संगठन के संरक्षक इंजीनियर भुवनेश कुमार पटेल की अनुशंसा पर की गई है। अपाक्स के जिला अध्यक्ष बनने पर सुनील वर्मा ने संगठन के संरक्षक भुवनेश पटेल एवं प्रदेश अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह यादव, उप प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव, शिवपुरी जिला संरक्षक दुबे बाथम का आभार प्रकट किया है एवं संगठन को आश्वस्त किया है कि वह सदैव कर्मचारी हितों के लिए पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करते हुए संघर्षशील रहेंगे। श्री वर्मा को अपाक्स के जिला अध्यक्ष बनने पर कर्मचारियों ने उन्हें बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की है। बधाइयां देने वालों में राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेंद्र पिपलोदा, समाजसेवी सुनील धाकड़, सेवड़ा संकुल प्राचार्य राजेश कम्ठान, प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार सरैया, शासकीय शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष पवन अवस्थी, जिला संयोजक विपिन पचौरी, शासकीय सेवक सेतु के जिला अध्यक्ष अमरदीप श्रीवास्तव, पीएमयू के जिला अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव, सकील खान, सीएसी शशांक राठौर, मनोज कुमार वर्मा, गोविंद धाकड़, बृजमोहन यादव, राजेंद्र धाकड़, सुल्तान सिंह बघेल, राजाराम गुर्जर, नीखरा सर, मुकेश मेहता, दीपक भार्गव, फूल सिंह यादव, अनिल धाकड़, रवि वसेड़िया, अपाक्स एवं ओबीसी महासभा के पदाधिकारी व समाज बंधु आदि शामिल हैं।

## घर के सामने से बाइक ले गए चोर

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र के अटल नगर डीडी नगर से बीते रोज अज्ञात चोर बाइक पार कर ले गए। बाइक चोरी का पता तब चला जब मालिक घर के बाहर निकला। उदित प्रताप पुत्र रामसिंधु गुर्जर दबोह जिला भिंड का रहने वाला है। वर्तमान में दीनदयाल नगर अटल नगर में निवास करता है। उदित प्रताप ने अपनी बाइक नम्बर एमपी 07 एमजेड-4290 घर के बाहर खड़ी की और अंदर चला गया। कुछ देर बाद जब घर से बाहर निकला तो पता चला कि बाइक नहीं है। आस-पास तलाशा और पूछताछ की तो कोई कुछ बता नहीं सका। दो दिन तक जब कहीं भी बाइक का पता नहीं चला तो उदित प्रताप महाराजपुरा थाने पहुंचा और पुलिस को घटना की जानकारी दी।

# ग्वालियर में पानी की लाइन फटी, मकानों में आई दरारें



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 जनवरी।** यहां तेज आवाज के साथ पानी की मुख्य लाइन फट गई। अचानक हुई इस घटना से मकानों की नींव हिल गई और कई घरों में दरारें आ गईं।

लोगों को ऐसा महसूस हुआ मानो भूकंप आ गया हो। मकानों और सड़कों पर पानी भर गया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। अरनव ग्रीन सिटी में बिछाई गई 22 इंच की पानी की लाइन अचानक तेज आवाज के साथ धंस गई। सड़क में गहरा गड्ढा हो गया। कई घरों में दरारें आ गई। दरवाजे क्षतिग्रस्त हुए हैं। कुछ देर तक किसी को समझ ही नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है। जमीन के भीतर से तेज धमाके के साथ पानी के फव्वारे निकलते हुए साफ नजर आ रहे हैं।

# सूर्यवंशी को जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी आदेश के तहत कांग्रेस जिला अध्यक्ष शिवपुरी मोहित अग्रवाल की अनुशंसा पर मनोज सूर्यवंशी को कांग्रेस जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ, जिला शिवपुरी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

यह नियुक्ति प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी, संगठन प्रभारी महासचिव माननीय संजय कमलेश की सहमति एवं प्रदेश अध्यक्ष जनसमस्या निवारण प्रकोष्ठ श्री विवेक सिंह तोमर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर की गई।

नियुक्ति के बाद जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। संगठन के नेताओं ने उम्मीद जताई है कि मनोज सूर्यवंशी आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से कार्य करते हुए कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। नियुक्ति पर मनोज सूर्यवंशी ने कांग्रेस जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व एवं संगठन के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा से खरे उतरने का प्रयास करेंगे। वहीं, कांग्रेसजनों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।


## कार्यालय आयुक्त, भू संसाधन, प्रबंधन मध्य प्रदेश, ग्वालियर

**विज्ञप्ति**

श्री सुशील यादव भृत्य पुत्र स्व. श्री रामकृष्ण यादव निवासी वार्ड क्रमांक 3 मीठा कुंआ के पास पो आ. लखनादौन तहसील लखनादौन जिला सिवनी म.प्र. विगत लगभग 02 वर्षों से इस कार्यालय से लगातार अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है। इस संबंध में आपके द्वारा न तो कोई सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की है और ना ही अन्य किसी माध्यम से आपकी कोई जानकारी इस कार्यालय को प्राप्त हुई है। इस संबंध में संस्थित विभागीय जांच में आप दोष सिद्ध पाये गये है। आपको अंतिम रूप से लगभग एक वर्ष में तीन बार अपना पक्ष रखने हेतु पत्र के माध्यम से तामील कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है जो आपके द्वारा स्वंय तामील न करते हुए परिवार के सदस्यों द्वारा तामील किया जा रहा है। तदुपरांत भी आपके द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत नही किया जा रहा है।

इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आप तत्काल कार्यालय में उपस्थित होवे असमर्थता की स्थिति में विधिवत सूचना इस कार्यालय को भिजवाये अन्यथा आपके विरुद्ध विधिसम्मत समुचित कार्यवाही की जायेगी जिसका उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

**कार्यालय प्रमुख**
**कार्यालय आयुक्त भू-संसाधन प्रबंधन मध्यप्रदेश**
G-24224/25




# 61 .2 बल्क लीटर शराब ज़ब्त

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 10 जनवरी।** जिले में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार की जा रही कार्रवाई के क्रम में आज वृत्त करैरा में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया। यह कार्रवाई कलेक्टर रवीन्द्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में तथा जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में की गई।

वृत्त प्रभारी गौरव कुमार कोल द्वारा करैरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम छितरी में दबिश दी गई, जहां मौके से 61.2 बल्क लीटर अवैध हाथ भट्टी शराब ज़ब्त की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी महिला नेहा कंजर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1), 34(2) एवं 49(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। उक्त संपूर्ण कार्रवाई में वृत्त प्रभारी गौरव कुमार कोल के साथ आबकारी आरक्षक गिर्राज, सतीश, डोंगर सिंह, डाल सिंह एवं सैनिक गीता का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग शिवपुरी ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त एवं सतत कार्रवाई जारी रहेगी।

# जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्रों का किया वितरण

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ने स्व. प्रदीप कासलीवाल की जन्म जयंती पर किया आयोजन**



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 जनवरी।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप ग्रेटर ग्वालियर द्वारा जैन रत्न स्व. प्रदीप सिंह कासलीवाल की 78वीं जयंती पर अमृत सेवा सप्ताह के अंतर्गत आज ठिठुरती सर्दी में जरूरतमंदों को ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता ललित जैन ने बताया कि इस सेवा कार्य का उद्देश्य ठंड के मौसम में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों को राहत प्रदान करना रहा। कार्यक्रम संस्थापक अध्यक्ष अनुपम चौधरी के मार्गदर्शन में हुआ।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष संजय चौधरी, शीतल जैन, अमरीश जैन, वर्तमान सत्र के अध्यक्ष आशीष जैन, सचिव अमित जैन भंडारी एवं कोषाध्यक्ष रूपेश जैन की विशेष उपस्थिति रही। इस सेवा में विशेष रूप से सहयोग डॉ अमित जैन, मनीष जैन के साथ संस्था के सक्रिय सदस्यों भानु जैन, अंकित जैन, राजुल जैन, दिनेश जैन, मयंक जैन, राकेश जैन, मनीष जैन,

मयंक जैन, दिनेश जैन, धर्मेंद्र जैन, राजीव जैन, आशीष जैन अंबा, मनीष मोदी, अमित रोमी, जितेंद्र जैन, नीरज जैन, ठाकुर, आशीष जैन शिंदे की छावनी, विजय जैन, पीयूष जैन सहित अनेक सदस्यों ने सहयोग किया। पदाधिकारियों ने बताया कि यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा तथा समाज के सभी लोगों से इस सहयोग करने की अपील की गई।

## मराठा योद्धा दत्ताजी शिंदे की पुण्यतिथि पर नमन किया

**ग्वालियर।** वीर मराठा योद्धा दत्ता जी राव शिंदे के 266वे बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मराठा समाज के अमर कुटे ने कहा कि दत्ताजी राव शिंदे एक महान मराठा सेनापति थे जिन्होंने 1757-58 में पंजाब को अफगानों से बचाने में अहम भूमिका निभाई।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला भिण्ड (म .प्र .)

क्र./पुअ/भिण्ड/रनि./स्टोर/66/26 दिनांक 07.01.2026

**// विज्ञापन //**

मध्य प्रदेश पुलिस जिला भिण्ड की ओर से पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चैम्बर के बाथरूम की मरम्मत एवं उन्नयन कार्य की ई-निविदा की सूचना:-

मध्य प्रदेश पुलिस जिला भिण्ड के पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक चैम्बर के बाथरूम की मरम्मत एवं उन्नयन कार्य ऑनलाईन ई-निविदा TENDER ID **2026_MPP_473716_1** को बेवसाईड http://www.mptenders.gov.in पर आंमत्रित की गई है। जिसके लिये खुली ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर दिनांक 07.01.2026 से दिनांक 27.01.2026 तक ऑनलाईन टेण्डर खरीदे एवं प्रस्तुत किये जा सकते है। ई-निविदा दिनांक 29.01.2026 को कार्यालयीन समय में खोली जोवगी। इच्छुक निविदाकारों को तकनीकी बिड / निविदाकारों को निर्धारित अमानत राशि प्रोसेसिंग फीस एवं टेण्डर फीस ऑनलाईन भुगतान करते हुए भुगतान की रसीद एवं निम्नानुसार दस्तावेज दिनांक 27.01.2026 को 18:00 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत करना होगा। निविदा संबंधी आवश्यक शर्तों म.प्र. शासन की बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

G-24195/25
**पुलिस अधीक्षक**
**जिला भिण्ड**



## कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल

ईमेल-ce.tender.wrdmp@gmail.com फोन - 0755-2767635 फेक्स-0755-2552406

**निविदा सूचना क्रमांक-1197/2025-26/प्रमुख अभियंता/ई-टेंडरिंग /** **भोपाल, दिनांक 07 .01 .2026**

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र दिनांक 27 .01 .2026 को 17 :30 बजे तक क्रय / डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्र. | कार्य | जिला | लागत (लाख) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_WRD_473814 | केरवा बांध पर पूर्व निर्मित स्पिल-वे फुट ब्रिज को तोड़कर नवीन फुट ब्रिज, स्पिल चैनल एवं शूट फाल का निर्माण एवं वि./यां. से संबंधित कार्य। | भोपाल | 1174.49 |

G-24206/25 **मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)**



पेज एक का शेष



# इंजीनियर्स साकार करेंगे विकसित भारत का सपना

विकसित कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क 2026 का विमोचन, लोकपथ मोबाइल ऐप के उन्नत संस्करण - लोकपथ 2.0 का लोकार्पण किया. भगवान श्रीराम के काल में ही नल, नील ने पुल निर्माण की तकनीक खोज ली थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम के काल में नल और नील ने समुद्र पर पुल निर्माण करने की तकनीक खोज ली थी. लंका विजय के बाद भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण जी पुष्पक विमान से अयोध्या आए थे. भगवान विश्वकर्मा ने पुष्पक विमान बनाया, जिसमें सभी को समाहित करने की क्षमता थी. यह सभी को विकास और कल्याण में साथ लेकर चलने के भाव की अभिव्यक्ति थी. वर्तमान में भी सभी की सुविधा और जीवन में सभी को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ही निर्माण कार्य जारी हैं. मप्र का लोक निर्माण विभाग नई तकनीक और समय का सदुपयोग करते हुए अधोसंरचना विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहा है. भारतीय परंपरा में तकनीक, ज्ञान और नवाचार का समृद्ध इतिहास रहा है. हमारे प्राचीन ग्रंथ और सांस्कृतिक उदाहरण यह सिखाते हैं कि सामूहिक क्षमता, बुद्धि और समर्पण से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं.

### प्रदेश संतुलित विकास की ओर अग्रसर : सुखबीर सिंह

लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश आर्थिक, सामाजिक और धार्मिक क्षेत्र में संतुलित विकास की ओर अग्रसर है. राज्य सरकार द्वारा अभ्युदय मध्यप्रदेश के लिए सम्पूर्ण प्रदेश में अधोसंरचना विकास के कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं.

# स्व . शास्त्री की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेस नमन करेगी



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 10 जनवरी।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की 60वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस द्वारा आज रविवार प्रात: 11.30 बजे पड़ाव स्थित शास्त्री प्रतिमा स्थल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया जायेगा। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुरेन्द्र यादव ने बताया कि आज 11 जनवरी को प्रात: 11.30 बजे समस्त कांग्रेसजन पड़ाव स्थित शास्त्री प्रतिमा स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करेंगे। पुण्यतिथि कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष, पूर्व सांसद, वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रदेश, जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस, मंडलम कांग्रेस, सेक्टर कांग्रेस, युवा, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, कांग्रेस विभाग प्रकोष्ठ, पार्षद, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

**निविदा सूचना 2025-26**

निविदा सूचना क्र/पी.डब्लू.डी/2025-26/21 बुरहानपुर दिनांक : 08/01/2026

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑन लाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. | टेण्डर आई.डी.नं. | कार्य का नाम व स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत रू. लाख में। | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_474148_1 | शनवारा चौराहा से गणपति थाना चौराहा तक सबग्रेड जी.एस.बी एवं डब्लू एम. एम. का कार्य। | 6 माह 92.96 लाख | 10,000/- 70,000/- | 27-01-2026 |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**वास्ते आयुक्त**
**नगर पालिक निगम बुरहानपुर**